Ans. (a) : 'राजस्थान में टिड्डी नियंत्रण' पुस्तक का विमोचन राजस्थान के कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने पंत कृषि भवन में किया। इस पुस्तक में राजस्थान में वर्ष 2019 एवं 2020 में फसलों पर टिड्डी हमले के दौरान नियंत्रण के लिए कृषि विभाग की ओर से उठाए गए कदमों एवं नवाचारों की जानकारी दी गई है।

575. राजरत्नाकर का लेखक कौन था?

(a) रणछोड़ भट्ट (b) सदाशिव
(c) पं. जीवाधार (d) राज शेखर

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (b) : 'राजरत्नाकार' के लेखक 'सदाशिव' है। 'सदाशिव' की एक अन्य महत्वपूर्ण रचना 'राजविनोद' है।

576. 'ढोला–मारु–रा–दोहा' का रचयिता कौन है?

(a) नरपति नाल्ह (b) आशानंद
(c) कल्लोल (d) वीठू सूजो

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (c) : 'ढोला–मारु–रा–दोहा' के रचयिता कवि कल्लोल है। डिंगल भाषा का श्रृंगार रस से परिपूर्ण ग्रन्थ एवं इसमें ढोला व मारवाणी के प्रेम का वर्णन किया गया है।

577. ''स्वतंत्र बावनी'' की रचना किसने की?

(a) फागु महाराज (b) ठाकुर ओंकार सिंह
(c) दुलिया राणा (d) तेज कवि जैसलमेरी

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (d) : वर्ष, 1943 में तेज कवि जैसलमेरी ने 'स्वतन्त्र बावनी' की रचना की थी और उसे महात्मा गाँधी को भेंट किया था।

578. 'बिज्जी' किस साहित्यकार का उपमान है?

(a) कन्हैयालाल सेठिया (b) दुरसा आढ़ा
(c) बाबजी चतुरसिंह (d) विजयदान देथा

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (d) : विजयदान देथा (1 सितम्बर, 1926 से 10 नवम्बर 2013) जिन्हें 'बिज्जी' के नाम से भी जाना जाता है, राजस्थानी साहित्य के एक प्रसिद्ध लेखक थे। वह पद्म श्री और साहित्य अकादमी पुरस्कार सहित कई पुरस्कार प्राप्त किए थे। इनकी प्रमुख रचनायें बातां री फुलवारी, रूख, माँ रो बदलो, तीड़ोराव, अलेखु हिटलर, उलझन, बापू के तीन हत्यारे, अंतराल, सपनप्रिया, उषा इत्यादि है।

579. निम्नलिखित में से कौन विजयदान देथा द्वारा नहीं लिखा गया है?

(a) बातां री फुलवारी (b) रुख
(c) माँ रो बदलो (d) बलवंत विलास

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

580. विजयदान देथा का सम्बन्ध है

(a) लोक कला से (b) लोक नृत्य से
(c) लोक संगीत से (d) लोक साहित्य से

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

581. 'तीडोराव', 'अलेखू-हिटलर' पुस्तकों की रचना किसने की है-

(a) अन्नाराम सुदामा (b) विजयदान देथा
(c) शिवचरण भरतिया (d) चन्द्रप्रकाश देवल

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

582. निम्न में से कौन कवि नहीं है?

(a) विजयसिंह पथिक (b) जयनारायण व्यास
(c) माणिक्यलाल वर्मा (d) जनार्दन राय नागर

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (d) : पंडित जर्नादन राय नागर कवि नहीं थे। वे स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी थे। पंडित जर्नादन राय नागर ने वर्ष 1937 में राजस्थान विद्यापीठ (उदयपुर) की स्थापना की जो एक प्रसिद्ध प्रौढ़ और सतत शिक्षा संस्थान के रूप में विस्तारित हुआ। यह राजस्थान के गरीबों और दलितों के उत्थान के उद्देश्य से स्थापित किया गया था।

583. 'कान्हड़दे प्रबन्ध' किसके द्वारा रचित है?

(a) कल्लोल (b) पद्मनाभ
(c) शालीभद्र सूरी (d) चंदबरदायी

स्टोनो ग्राफर परीक्षा -2019 (12 मार्च 2021)
Udyog Nirikshak Exam (code-38)-2018
उद्योग निरीक्षक-2018
Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (b) : 'कान्हड़दे प्रबन्ध' पद्मनाभ नामक कवि ने 1955ई. में चौहान शासकों के समय में की थी। इस प्रबन्ध काव्य में अलाउद्दीन के जालौर पर आक्रमण व उसमें कान्हड़दे द्वारा प्रदर्शित वीरता का वर्णन है। इससे राजस्थानी भाषा, समकालीन भूगोल, सामाजिक परम्पराओं, सैन्य व्यवस्था आदि के विषय में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है।

584. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रन्थ जालौर के शासकों की उपलब्धि के बारे में बताता है?

(a) पृथ्वीराज विजय (b) हम्मीर महाकाव्य
(c) प्रबंधचिन्तामणि (d) कान्हड़दे प्रबंध

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

585. 'जीवन कुटीर के गीत' निम्न में से किसके द्वारा लिखा गया?

(a) जयनारायण व्यास (b) हरिभाऊ उपाध्याय
(c) हीरालाल शास्त्री (d) गोकुलभाई भट्ट

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018
Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020

Ans. (c) : 'जीवन कुटीर के गीत' हीरालाल शास्त्री द्वारा लिखा गया। पंडित हीरालाल शास्त्री का जन्म 24 नवम्बर, 1899ई. को जयपुर जिले में जोबनेर के एक किसान परिवार में हुआ। 30 मार्च, 1949 ई. को जब राजस्थान राज्य का निर्माण हुआ तो वे उसके प्रथम मुख्यमंत्री बने। इनका देहावसान 28 दिसम्बर, 1978 ई. को हुआ था।

586. 'पोपाबाई की पोल' नामक पुस्तक किसने लिखी?

(a) जयनारायण व्यास
(b) दानमल
(c) मानमल
(d) माणिक्यलाल वर्मा

VDO Exam-2021
Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (a) : 'पोपाबाई की पोल' पुस्तक के लेखक जयनारायण व्यास हैं। इनका जन्म 18 फरवरी, 1899ई. को जोधपुर में हुआ था। वर्ष 1927 ई. में जयनारायण व्यास 'तरूण राजस्थान' पत्र के प्रधान सम्पादक बने। ये राजस्थान के दो बार मुख्यमंत्री भी थे।